RAPID FIRE करेंट अफेयर्स (27 नवंबर)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-november-27

IIT कानपुर का ड्रोन 'प्रहरी'

IIT-कानपुर के शोधार्थियों ने **'प्रहरी'** नामक एक ड्रोन तैयार किया है। यह ड्रोन न सिर्फ 4-5 किलोग्राम तक वज़न उठा सकता है, बल्कि किसी संवेदनशील क्षेत्र में लगातार तीन घंटे तक गश्त भी कर सकता है। इस ड्रोन का उपयोग निगरानी से लेकर भीड़ को नियंत्रित करने, आपातकाल में आवश्यक वस्तु की आपूर्ति करने, किसी स्थिति विशेष का पता लगाने आदि में किया जा सकता है। इस ड्रोन में एडवांस **ऑटो-पायलट सिस्टम** है, यह अन्य ड्रोन को पकड़ने के दौरान वज़न के बढ़ने से होने वाले अचानक बदलाव को संभालने में सक्षम है। इसे खासतौर पर सीमा पर निगरानी रखने के लिये और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से तैयार किया गया है। यह सशस्त्र बलों द्वारा सीमा क्षेत्रों की निगरानी रखने में मदद करने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध लगाने वाले दुश्मनों के ड्रोन को पकड़ने में भी काफी मददगार हो सकता है।

सुमन बिल्ला

केरल कैडर के वरिष्ठ IAS अधिकारी सुमन बिल्ला को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) में नियुक्ति मिली है। सुमन बिल्ला UNWTO में D1 स्तर पर निदेशक, तकनीकी सहयोग और सिल्क रोड डेवलपमेंट के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। यह एक विशेष एजेंसी है, जो सतत् और सार्वभौमिक रूप से सुगम पर्यटन को बढ़ावा देती है। सुमन बिल्ला वर्तमान में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

क्या है UNWTO: इसका पूरा नाम **यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म आर्गेनाईजेशन** है। यह पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में आर्थिक विकास, समावेशी विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के पर्यटन को बढ़ावा देता है। साथ ही दुनियाभर में ज्ञान और पर्यटन नीतियों को आगे बढ़ाने में इस क्षेत्र को नेतृत्व एवं समर्थन प्रदान करता है। UNWTO **पर्यटन के लिये वैश्विक आचार संहिता** (Global Code of Conduct for Tourism) के कार्यान्वयन को प्रोत्साहित करता है, ताकि इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम करते हुए पर्यटन के सामाजिक-आर्थिक योगदान को अधिकतम किया जा सके।

सुधीर धर

प्रख्यात कार्टूनिस्ट सुधीर धर का 87 वर्ष की आयु में देहांत हो गया। प्रयागराज में जन्मे सुधीर धर ने अपने करियर की शुरुआत ऑल इंडिया रेडियो से की थी। उनके बनाए कार्टून द इंडिपेंडेंट, द पायोनियर, दिल्ली टाइम्स, न्यूयार्क टाइम्स, वाशिंगटन पोस्ट और सैटरडे रिव्यू सहित कई पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए।

सर डेविड एटनबोरो

वर्ष 2019 के इंदिरा गांधी शांति, निशस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार के लिये प्रसिद्ध प्रकृतिवादी एवं प्रसारणकर्त्ता सर डेविड एटनबोरो के नाम की घोषणा की गई है। यह पुरस्कार इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रदान किया जाता है। पिछले वर्ष का पुरस्कार सुनीता नारायण को दिया गया था।

लक्ष्य सेन

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने स्कॉटिश ओपन प्रतियोगिता में पुरुष एकल प्रति स्पर्द्धा का खिताब जीत लिया है। यह प्रतियोगिता ग्लासगो में आयोजित की गई थी।

कमर जावेद बाजवा

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के कार्यकाल विस्तार की अधिसूचना को निलंबित कर दिया है। जनरल बाजवा पाकिस्तान सेना प्रमुख के पद से 29 नवंबर, 2019 को रिटायर हो रहे हैं। 19 अगस्त, 2019 को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने जनरल बाजवा के कार्यकाल को अगले तीन वर्षों के लिये बढ़ा दिया था। वर्तमान में पाकिस्तानी सेना के 16वें सेनाध्यक्ष जावेद बाजवा को वर्ष 2011 में हिलाल-ए-इम्तियाज से नवाजा जा चुका है।